NO GOD, NO PEACE; KNOW GOD, KNOW PEACE— *Nirankari Baba*

***C.L. GULATI***
***Secretary (HQ)***

EK TUHI NIRANKAR

# SANT NIRANKARI MANDAL (REGD.)

**ADMINISTRATIVE BLOCK, NIRANKARI COMPLEX,**
**NIRANKARI CHOWK, DELHI – 110 009 (INDIA)**

Ref. No. SNM/NIS-2/2016/002 Dated: 02-01-2016

परम सत्कार योग भाई साहब/बहन जी,

नमस्कार एवं धन निरंकार जी।

जैसा कि आपको विदित है कि सद्गुरु बाबा हरदेव सिंह जी महाराज की असीम कृपा से दूसरा निरंकारी इंटरनेशनल समागम (NIS-2) 29, 30 जून और 1,2,3 जुलाई 2016 को टोरांटो (कनाडा) में आयोजित किया जा रहा है।

भारत से टोरांटो आने–जाने की यात्रा व्यवस्था निम्नलिखित पांच खण्डों के अनुसार होगी –

1– टिकिट एवं यात्रा बीमा

2– वीजा के लिए आवेदन

3– आवास व्यवस्था

4– जमीनी यातायात

5– ऑन लाइन पंजीकरण/मोबाइल ऐप

इस पूरी यात्रा का खर्च प्रति व्यक्ति लगभग 1,50,000 रुपये से 2,00,000 रुपये होगा। पहले भाग में टिकट, यात्रा बीमा और वीजा की व्यवस्था की जायेगी। वीजा स्वीकृत हो जाने के बाद भाग 1 के बिन्दु 3, 4, 5 को प्रत्येक व्यक्ति के स्तर पर देखा जायेगा। टिकट बुक कराने के पूर्व आपके पास अपना पासपोर्ट होना अनिवार्य है। यदि आपके पास पासपोर्ट नहीं है या आपके पासपोर्ट की एक्सपायरी तिथि 01.01.2017 से पूर्व है तो आपको अपना पासपोर्ट बनवा लेना चाहिए। यदि आपके पास पुरान फार्मेट वाला हाथ से लिखा हुआ पासपोर्ट है और कम्प्यूटर द्वारा बना हुआ पासपोर्ट नहीं है तो आपको नया पासपोर्ट बनवाना होगा। जब आपको अपना नया पासपोर्ट प्राप्त हो जाए तभी आप टिकट बुक कराएं।

सन्त निरंकारी मण्डल द्वारा टिकट और वीजा आवेदन के लिए **पर्ल इंटरनेशनल टूर्स एंड ट्रेवल्स लिमिटेड** के साथ विशेष अनुबंध किया गया है जिसके अंतर्गत विभिन्न एयर लाइन के लगभग 1300 टिकटों की व्यवस्था की गई है जो 77,500 रुपये से लेकर 85,000 के बीच होगी और पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर उपलब्ध होगी। ये टिकटें 'समूह यात्रा' के रूप में है इसलिए इसमें जाने और आने की तारीख पहले से ही निर्धारित होगी और इसमें कोई परिवर्तन संभव नहीं होगा। इसके लिए आपको संलग्न सूची से किसी एक फ्लाईट का कोड नं. का चयन करना होगा। कृपया ध्यान दें कि यात्रा की लगभग 470 टिकटें पहले सात दिनों में ही बुक हो चुकी हैं, इसलिए 224 टिकटों की अतिरिक्त संख्या बढ़ाई गई है। इसके अलावा फ्लाईट कोड **24LA60, 25LA60** और **26LA60** पहले ही पूर्णतया बुक हो चुकी हैं और इन्हें पुरानी फ्लाईट लिस्ट से हटा लिया गया है। अतः इन तीन फ्लाईट्स के लिए आवेदन न करें। जिन फ्लाईट्स की बुकिंग पूर्णतया हो चुकी है उनके लिए आवेदन प्राप्त होने पर उन्हें उसी तिथि में दूसरी फ्लाईट में बुक कर दिया जाएगा।

**एन.आई.एस–.2 ट्रेवल डैस्क से टिकट बुकिंग कराने के लाभ**

**(क) टिकिट**

1. सामान्य रूप से टिकट बुक करने के लिए टिकट की पूरी राशि तत्काल जमा करनी होती है लेकिन ट्रेवल–डैस्क से बुकिंग कराने पर आपको अपना टिकट आरक्षित कराने के लिए आरम्भ में टिकट की पूरी राशि का केवल 25% ही भुगतान करना होगा तथा शेष राशि का भुगतान वीजा प्राप्त होने पर करना होगा। यदि आपको वीजा प्राप्त नहीं होता है तो भी यदि आपका कोई मित्र अथवा रिश्तेदार आपका टिकट खरीदना चाहे तो उसके नाम से इसे ट्रांसफर करने की सुविधा उपलब्ध होगी।

2. जब आप कनाडा पहुंचेंगे तो वहां एयरपोर्ट पर भी आपको पंजीकरण और गाइडेंस सुविधा उपलब्ध होगी।

**(ख) आवास**

वहां पर आप निर्धारित होटलों में कम मूल्य पर उपलब्ध होटल सुविधा प्राप्त कर सकेंगे और आपकी सहायता के लिए NIS-2 की हेल्प डैस्क सुविधा भी वहां उपलब्ध होगी।

**(ग) वीजा प्रक्रिया**

जो महापुरुष NIS ट्रेवल डैस्क की सुविधा लेकर टिकट बुक कराएंगे उन्हें वीजा प्रक्रिया पूर्ण कराने में प्राथमिकता दी जायेगी।

**(घ) सूचना**

किसी प्रकार के परिवर्तन या अन्य सूचनाएं ई–मेल अथवा SMS के द्वारा सर्वप्रथम आपसे सांझा की जायेगी।

**(ड.) विशेष साइड टूर्स**

ट्रेवल डैस्क के माध्यम से टिकट बुक कराने पर आपको विशेष रूप से बनाये गये कम कीमत वाले साइड टूर्स (Side Tours) भी उपलब्ध होंगे।

**(च) परिचितों के साथ यात्रा की सुविधा**

आपको संगत के बड़े समूह के साथ यात्रा करने का अवसर प्राप्त होगा इसलिए यह आपके लिए सुविधाजनक होगा विशेष रूप से उस स्थिति में जब आप पहली बार नए स्थान पर जा रहे हों।

**<u>भाग–1 एयर लाइन बुकिंग राशि और यात्रा बीमा</u>**

1. केवल यह सोच लेने भर से कि आपने यात्रा करनी है, उद्देश्य को पूरा नहीं होगा, आपको इसके लिए 20,000 रुपये की प्रथम किस्त यात्रा एजेंसी **PEARL INTERNATIONAL TOURS AND TRAVELS LTD.** के नाम से संलग्न सूची में दिए गये बैंकों के विवरण के अनुसार इच्छित बैंक में जमा कराना होगा। कृपया राशि जमा कराते समय अपना पूरा नाम अवश्य लिखें ताकि जमकर्त्ता की पहचान हो सके। आपके द्वारा जमा कराये गये चैक के जमा हो जाने की सूचना प्राप्त होने के बाद ही बुकिंग कंफर्म की जा सकेगी।

2. उपरोक्त राशि जमा करने के बाद कृपया बैंक जमा रसीद के ऊपर अपना नाम और फ्लाईट कोड (फ्लाईट सूची के अनुसार) लिखकर हस्ताक्षर करें और इसे traveldesk@nis2.org पर मेल करें अथवा 7840080085 नं. पर वट्सऐप करें।

3. जिनके पास पहले से ही वीजा उपलब्ध है वो पूरा भुगतान करके और बिन्दु 2 के अनुसार हमें मेल/वट्सऐप करके अपना टिकट बुक करा सकते हैं।

4. आपको traveldesk@nis2.org से एक मेल प्राप्त होगी जिसमें निम्नलिखित विवरण होंगे –

(क) टिकट की रसीद (बाद में अन्य उपयोग हेतु आपके पास रखने के लिए)

(ख) एअर लाइन की टिकट

(ग) यात्रा बीमा

(घ) यू.आई.एन. UIN (unique identification number) सभी संवादों/पत्र–व्यवहार में प्रयोग हेतु

(ड़) वैरिफिकेशन फार्म (VF)

5. कृपया (VF) वैरीफिरकेशन फार्म को भरें और इसे traveldesk@nis2.org पर भेज दें। कृपया ध्यान रखें कि इस पर मुखी अथवा संयोजक और संचालक के हस्ताक्षर होना अनिवार्य है, अन्यथा यह अमान्य होगा।

**भाग–2 वीजा आवेदन (यह जनवरी 2016 के पहले सप्ताह से आरंभ होगा)**

6. आपके द्वारा (VF) भेजे जाने के बाद आपको एक ई–मेल प्राप्त होगी जिसमें निम्नलिखित तथ्य/संलग्नक प्राप्त होंगे –

(क) वीजा आवेदन फार्म और वांछित दस्तावेज (VAF)

(ख) NIS-2 वीजा आवेदन केन्द्रों की सूची जहां आपको दस्तावेज और VAF जमा करा सकते हैं।

(ग) सन्त निरंकारी मण्डल द्वारा जारी स्पोंसरशिप पत्र UID के साथ

(घ) वीजा आवेदन केन्द्र को भगुतान किये जाने वाले वीजा राशि का विवरण।

(ड.) वीजा आवेदन केन्द्र को भगुतान किये जाने वाले वीजा प्रोसेसिंग शुल्क 1000/– रुपये जमा करने का विवरण।

7. आपको उपरोक्त दस्तावेज और वीजा स्पोटिंग दस्तावेज (Visa Supporting Documents) के शुल्क जमा कराने के लिए NIS 2 वीजा आवेदन केन्द्र जाना होगा जहां वे प्रत्येक दस्तोवज को चेक करके तथा वीजा शुल्क और प्रोसेसिंग शुल्क लेकर वेबसाइट को अपडेट करेंगे। इसके उपरान्त वे आपको वीजा शुल्क और प्रोसेसिंग शुल्क भुगतान करने की रसीद देंगे।

8. जब आपका वीजा स्वीकृत हो जायेगा तब आपको ई–मेल द्वारा सूचित कर दिया जायेगा कि आप सन्त निरंकारी मण्डल, मुख्यालय, दिल्ली आकर अपना पासपोर्ट और वीजा ले लें और टिकट राशि का बकाया भुगतान कर दें।

**अगला चरण (यह जनवरी 2016 से आरम्भ होगा)**

**आवास**

कनाडा में सर्दियों के मौसम में बहुत ज्यादा ठंड पड़ती है और अप्रैल के महीने से ही इसमें कुछ सुधार होना शुरु होता है इसलिए जून के अन्त में होने वाले समागम की तैयारियों के लिए बहुत कम समय बचेगा। भवन पर किसी प्रकार के आयोजन या अतिरिक्त आवास के प्रावधान भी वहां के शासकीय नियमों के अनुसार बहुत कठोर हैं, इसलिए हम वहां पर विभिन्न होटलों से कम दर पर आवास सुविधा उपलब्ध कराने के लिए बातचीत कर रहे हैं, जिसका विवरण शीघ्र ही आपको अगले चरण में दिया जायेगा।

**यातायात**

ट्रेवल डैस्क द्वारा वीजा स्वीकृति के उपरांत आपको वहां की स्थानीय यातायात व्यवस्था और ऑन लाइन पंजीकरण के बारे में सूचित किया जायेगा।

**टिकट संबंधित जानकारी एवं टिकट बुक कराने के लिए कृपया traveldesk@nis2.org पर मेल करें या फोन नं. 011–47660281 पर प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक (सोमवार से शुक्रवार) फोन करें। किसी अन्य प्रकार की समस्या के समाधान के लिए कृपया indiahelpdesk@nis2.org पर मेल करें। कृपया मेल helpdesk@nis2.org पर मेल न करें क्योंकि यह केवल अन्तर्राष्ट्रीय प्रतिनिधियों के लिए है।**

**(सी. एल. गुलाटी)**
सचिव, मुख्यालय

**संलग्न :** बैंक डिटेल / फ्लाईट डिटेल